# बरगी बांध में युवक का शव मिला



**जबलपुर, 06 मार्च. बरगी बांध के जीरो टंकी पिचिंग एरिया में बुधवार को होली के उल्लास के बीच अपने दोस्तों के साथ नहाने गया 24 वर्षीय युवक शैलेष नेमा गहरे पानी में डूब गया था जिसका शव आज सुबह बरामद कर लिया गया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरगी नगर निवासी रोशन कोईराला (23) जानसन स्कूल में शिक्षक है. बुधवार को वह अपने दोस्त सागर साहू और शैलेष नेमा के साथ होली खेलने के बाद नहाने के लिए बरगी बांध के जीरो टंकी पिचिंग एरिया गया था. रोशन और सागर को तैरना नहीं आता था, इसलिए वे किनारे पर ही नहा रहे थे, जबकि शैलेष नहाते-नहाते गहराई की ओर चला गया था अचानक शैलेष डूबने लगा और उसने बचाओ-बचाओ की आवाज लगाई. चीख सुनकर पास ही नहा रहा एक अन्य युवक उसे बचाने के लिए पानी के भीतर भी गया था, लेकिन वह शैलेष को बाहर निकालने में असफल रहा. घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी. काफी मशक्कत के बाद भी युवक का पता नहीं चल पाया था. पुलिस ने गुमइंसान कायम कर मामले को जांच में लिया और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही थी आज सुबह से भी रेस्क्यू ऑपरेशन चला जिसके बाद शव को बरामद कर लिया गया है.

### जंगल में मिला युवक का सड़ा-गला शव

बरगी थाना अंतर्गत बसंतनगर के समीप जंगल में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया. जानकारी के अनुसार बसंतनगर निवासी राजाराम भूमिया (20) जब श्मशान घाट के पीछे से अपने खेत जा रहा था, तभी उसे जंगल की ओर से भारी दुर्गंध आई. जब उसने अंदर जाकर देखा, तो वहां एक व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा था. शव काफी पुराना होने के कारण सड़ चुका था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल है. सूचना मिलते ही बरगी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया है. पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच प्रतीत होती है और हुलिए से ऐसा लग रहा है कि मौत करीब 6-7 दिन पहले हुई होगी. चेहरा पूरी तरह खराब हो जाने के कारण फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है. पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है ताकि मृतक की पहचान की जा सके.

## दो पक्ष भिड़े, तोड़फोड़, काउंटर केस दर्ज

**जबलपुर, 06 मार्च.** गढ़ा अंतर्गत आजाद नगर सूपाताल पहाड़ी के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई. इस दौरान हथौड़े और लोहे की रॉड से हमला किया गया, जिससे दोनों पक्षों की महिलाओं समेत आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं. इस दौरान तोड़फोड़ भी हुई. पुलिस के अनुसार राकेश मेहरा (30) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात करीब 10:30 बजे जब वह काम से लौट रहा था, तब उसे मोहल्ले के पूरन पगारे और उसके दो दामादों ने रोका. तीनों ने उस पर हमला कर दिया. पूरन पगारे ने राकेश के सिर पर हथौड़े से वार किया. वहीं बीच-बचाव करने आई उसकी मां देवकी और बहन रश्मि के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें रश्मि और मां को गंभीर चोटें आई हैं. वहीं दूसरे पक्ष से पूरन पगारे (50) ने शिकायत दर्ज कराई कि 2 दिन पहले मोटरसाइकिल आगे-पीछे करने की बात पर राकेश से विवाद हुआ था. इसी रंजिश में राकेश मेहरा अपने साथी अरविंद, पिता भरत और अब्बू ठाकुर के साथ उसके घर पहुँचा. आरोपियों ने पूरन के साथ मारपीट की और डंडे से घर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए. बीच-बचाव करने आए पूरन के दामाद सोनू और बेटी प्रभा पर भी लोहे की वस्तु और डंडे से हमला किया गया.

# गहनों के चक्कर में उतारा मौत के घाट

## नशे की हालत में आरोपी ने दिया था वारदात को अंजाम

**सतना, 06 मार्च. नागौद थाना क्षेत्र में कुलगढ़ी बांध डुडही नहर नाला के पास हुई युवक की हत्या का पर्दाफास कर लिया है. हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास करीब ढाई लाख रुपए के गहने मिले हैं. चोरी के इन्हीं गहनों के लिए वारदात को अंजाम दिया गया था.**

**▸ नागौद पुलिस ने किया अंधी हत्या का खुलासा**

पुलिस के अनुसार, 27 फरवरी को कुलगढ़ी बांध डुडही नहर के नाला किनारे एक अज्ञात शव और मोटर साईकिल एमपी 19 एमजेड 1373 हीरो एचएफ डीलक्स मिली थी. बाइक की जांच से पता चला कि गाड़ी अनिल पटेल निवासी गोरइया के नाम पर है. मृतक के परिजनों को सूचित कर बुलाया तो मृतक के चाचा रामसजीवन ने मृतक की पहचान अपने भतीजे अनिल पटेल उर्फ भोक्का पिता राम प्रसाद पटेल उर्फ धरमू (28) निवासी ग्राम गोरइया कला थाना अमदराके रूप किया. शिनाख्त के बाद धारा 103(1) बीएनएस का अपराध कामय कर विवेचना में लिया गया.



### तीन दिन तक किया नशा

पुलिस की जांच में पता चला कि अनिल पटेल 25, 26, 27 फरवरी को कुलगढ़ी डुडही में गोलू चर्मकार के साथ देखा गया. गोलू चर्मकार से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मृतक के पास शराब पीने के दौरान सोने चांदी के जेवरात देखने से लालच आया. 27 फरवरी को अनिल के साथ शराब, गांजा पिया. चालाकी से गोलू ने अनिल को अधिक मात्रा दी. जब अनिल को तेज नशा हो गया तो गोलू ने पीछे से आकर उसके सिर पर बड़े पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी. इसके बाद उसके जेब से सोने चांदी के जवेरात निकालकर छिपा दिया. पुलिस ने गोलू चौधरी पिता सियाराम चौधरी (23)निवासी डुडही के कब्जे से 2,40000 रुपए के जेवरात जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार किया है.

### मां- बहन के गहने चोरी किए

पुलिस जांच में पता चला कि अनिल 24 फरवरी को अनी मां और बहन के गहने चोरी करने के बाद घर से भाग गया था. इसकी रिपोर्ट थाना अमदरा में दर्ज है. पुलिस ने हत्या के आरोपी से जेवरात बरामद करने के बाद प्रकरण में धारा धारा 311 बीएनएस बढ़ाई है. हत्या की घटना का खुलासा करने में निरीक्षक अशोक पांडेय, एसआई राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, एएसआई एसएल रावत, प्रधान आरक्षक रामकिशोर, राजेन्द्र पांडेय, संतोष सिंह, आरक्षक अनिल साकेत, किशन सिंह, ओम प्रकाश की अहम भूमिका रही.

# लाड़ली बहनों को बताए बजट बनाने, निवेश करने के तरीके

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ गुलाब चक्कर रतलाम में आयोजित किया गया। इसके साथ ही लाडली बहनाओं हेतु वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठतम लाडली बहना के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से किया गया, तत्पश्चात जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया ने अतिथियों का स्वागत किया गया। श्री बुधौलिया द्वारा अपने उद्बोधन में वित्तीय साक्षरता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समस्त महिलाओं को इसकी जानकारी होनी चाहिए, क्योंकि हमारी आधी आबादी महिलाओं की है, हमारी लाडली बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रतिमाह राशि प्राप्त होती है। उसका सदुपयोग किस प्रकार से किया जाए। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सेबी मास्टर ट्रेनर श्रीमती अनिता गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं को बजट बनाने, निवेश करने एवं ऑनलाइन फ्रॉड से किस प्रकार सुरक्षित रहे संबंधी जानकारी प्रदाय की गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रही। आभार सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी के द्वारा किया गया।

**▸ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह अंतर्गत वित्तीय साक्षरता आयोजित**

## ग्रंथपाल परीक्षा परिणाम पर लगी रोक हटी

**जबलपुर 6 मार्च.** मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित ग्रंथपाल का परीक्षा परिणाम जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। मप्र हाईकोर्ट ने रिजल्ट जारी करने पर लगाई रोक हटा दी है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने पीएससी को रिजल्ट जारी करने की अनुमति प्रदान कर दी है। न्यायालय ने कहा है कि याचिकाकर्ताओं का परिणाम सीलबंद लिफाफे में पेश करते हुए मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को निर्धारित की है।



**भारतीय संसद की आकृति को चित्रकला के विद्यार्थियों ने कागज पर उतारा**

ग्वालियर, 06 मार्च. महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, ग्वालियर के चित्रकला विभाग के बी.ए. और एम.ए. के विद्यार्थियों द्वारा मितावली, पढावली एवं बटेसर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया. एतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के भ्रमण एवं अवलोकन से वहां की मूर्तिकला एवं वास्तुकला को समझा, साथ ही बटेसर समूह मंदिर परिसर में स्केचिंग की बारीकियों को समझा. यह शैक्षणिक भ्रमण चित्रकला विभाग की अतिथि विद्वान् डॉ नीना खरे के मार्गदर्शन में हुआ द्व इस शैक्षणिक भ्रमण में चित्रकला विभाग के बी ए और एम ए के 15 विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गई.

## चाचा की लाठी से भतीजे की मौत

**सतना.** रैगांव थाना क्षेत्र के भटिगवां में प्रदीप सिंह पिता राजभान सिंह का जमीन को लेकर अपने चाचा गुड्डू सिंह और चचेरे भाई शिवांश सिंह से विवाद हो गया था. बात इतनी बढ़ी कि गुड्डू और शिवांश ने प्रदीप पर लाठी से हमला कर दिया. मुंदी चोट आने पर करीब दो घंटे तक तो प्रदीप को उसके परिजन घर पर ही रखे रहे और मामला पारिवारिक होने पर पुलिस को सूचना नहीं दी. जब प्रदीप की हालत बिगड़ी तो देर रात उसे जिला अस्पताल लेकर गए. जहां रात करीब 1 बजे प्रदीप ने दम तोड़ दिया.

## खेत पर करंट लगने से युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सिंचाई के लिए खेत पर पानी पिलाने गए युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जिले की सैलाना तहसील के बोदिना ग्राम निवासी जितेंद्र पिता ईश्वरलाल पाटीदार (35) शुक्रवार को बिजली आने पर सुबह 5 बजे सिंचाई के लिए खेत पर गया था जहां पर करंट लगने से गिर गया। काफी समय तक वह घर नहीं आया, तब परिजन खेत पर गए जहां पर जितेंद्र को अचेत जमीन पर पड़ा देखा। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जितेंद्र को अस्पताल भेजा गया, जहां पर परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया।

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया कि मृतक के बड़े भाई जगदीश पिता ईश्वरलाल पाटीदार ने बताया कि जितेंद्र का पत्नी से पांच छह साल पहले तलाक हो गया था। परिजन दुसरी शादी के लिए वधु की तलाश कर रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# 111 फीट लंबी चुनरी लेकर 39 किमी पैदल जाएंगे भक्तगण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम। चैत्र नवरात्रि की सप्तमी को श्री पद्मावती माताजी मंदिर राजमहल से श्री गढखंखई माताजी मंदिर राजापुर तक निकलने वाली भव्य और विराट चुनरी यात्रा का आमंत्रण शुक्रवार को श्री नित्य चिंताहरण गणपतिजी भगवान पेलेस रोड एवं श्री पद्मावती माता जी राजमहल रतलाम को अर्पित कर यात्रा के शुभ एवं मंगलमय होने का आशीर्वाद प्राप्त किया।**

श्री गढखंखई माता चुनरी यात्रा आयोजन समिति संयोजक जनक नागल, अध्यक्ष धर्मेन्द्र रांका पार्षद, नरेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की माता रानी की भक्ति और शक्ति के महापर्व चैत्र नवरात्रि की सप्तमी 25 मार्च 26 शाम को 6 बजे राजमहल पैलेस में स्थित श्री पद्मावती माता जी एवं श्री चामुंडा माता जी को ग्यारह ग्यारह फिट की चुनरी ओढ़ाई जाकर पुजा महाआरती कर सैकड़ों भगवा ध्वजों एवं ढोल, बेंड नगाड़ों एवं म्युजिक सिस्टम के साथ 111 फिट लम्बी चुनरी को लेकर भव्य और विराट पैदल चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। अलगे दिन सुबह 6 बजे श्री गढखंखाई माताजी पहुंच कर हिन्दू राष्ट्र की कामना के साथ चुनरी चढ़ाई जाएगी। चुनरी यात्रा का यह 26 वाँ वर्ष है। इस अवसर पर विशेष रूप से महर्षि संजय शिव शंकर दवे जी, संयोजक जनक नागल अध्यक्ष धर्मेन्द्र रांका पार्षद, मंगल सिंह पंवार, अजय यार्दे, मुकेश गांधी, विपिन सोनी, निरज चावला, संजय पेमाल, रत्ना पाल, गोपाल शर्मा, गब्बर यादव, चिराग जायसवाल, जितेन्द्र बामनिया, विनोद गुर्जर, शेलेन्द्र सिंह शक्तावत, पप्पू गादिया, रवि रानीवाल, हेमंत ठाकुर सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**▸ श्री चिंताहरण गणपति को भेंट किया आमंत्रण**



## धर्माधिकारी होंगे मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

**जबलपुर, 06 मार्च.** मप्र उच्च न्यायालय में रहे जस्टिस सुश्रुत अरविन्द धर्माधिकारी मद्रास उच्च न्यायालय के अगले चीफ जस्टिस होंगे. उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की अनुशंसा के बाद केंद्र के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी किया. इसके साथ ही वे मप्र उच्च न्यायालय से अन्य राज्यों में चीफ जस्टिस बनने वाले 17वें न्यायाधीश बन गए हैं. मालूम हो कि 8 जुलाई 1966 को रायपुर में जन्मे जस्टिस धर्माधिकारी का अपॉइंटमेंट मद्रास उच्च न्यायालय के मौजूदा चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव के रिटायरमेंट के दिन 5 मार्च को हुआ है.

# करोड़ों लेकर बंद किया निर्माण कार्य

**सतना, 06 मार्च.** लोटस इंफ्रारिएल्टी लिमिटेड के डायरेक्टर नीरज चौरसिया ने कोवेन्ट कोर्ट कॉम्पलेक्स नाम से निमार्णाधीन शॉपिंग काम्पलेक्स दिखाकर कॉम्पलेक्स की लगभग सभी दुकानें ग्राहकों को बिक्रय कर करोड़ों की राशि लेने के बाद शॉपिंग मॉल का निर्माण कार्य बंद कर दिया.

**▸ उच्च न्यायालय ने रकम वसूलने कलेक्टर को दिए निर्देश**

इसी निमार्णाधीन कॉम्पलेक्स की दूसरी मंजिल में निर्मित होने वाली दुकान नंम्बर एसएस-एस5 जिसकी बेसिक कीमत 17 लाख 90 हजार रुपए है, को 23 नवंबर 2015 को 51 हजार रुपए देकर विराट नगर निवासी हिमांशु गर्ग ने भी बुक किया था. जिसके एवज में हिमांशु गर्ग ने 10 लाख 51 हजार का भुगतान कर दिया. कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य बन्द हो जाने पर हिमांशु गर्ग ने शेष राशि का भुगतान नहीं किया और बिल्डर से अपनी जमा राशि की मांग की. डायरेक्टर नीरज चौरसिया ने ना तो निर्माण कार्य प्रारम्भ किया और ना ही हिमांशु गर्ग की जमा रकम ही लौटाई. जिससे परेशान होकर हिमांशु ने अपने अधिवक्ता अजय सिंह रघुवंशी के माध्यम से एमपी रियल स्टेट रेगुलेटरी एथॉर्टी, रेरा भवन, भोपाल के समक्ष ब्याज सहित रकम वापसी एवं बिल्डर के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की. सुनवाई करते हुए न्यायनिर्णायक अधिकारी मध्य प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण भोपाल ने लोटस के डायरेक्टर के विरूद्ध आदेश पारित करते हुए हिमांशु गर्ग द्वारा जमा राशि 10 लाख 51 हजार रुपए 16 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से लौटाए जाने का आदेश दिया. साथ ही शारीरिक कष्ट की क्षतिपूर्ति के मद में 1 लाख रुपए प्रकरण व्यय के रूप में 21 हजार 7 सौ 35 रुपए एवं अन्य खर्च के रूप में 10 हजार रुपए भी दो माह के अंदर हिमांशु गर्ग को दिए जाने का आदेश पारित गया था. जिसकी ब्याज सहित कुल राशि 29 लाख 18 हजार 7 सौ रुपए की वसूली के लिए 16 अप्रैल 2021 को रेरा ने सतना कलेक्टर को निर्देशित करते हुए पत्र जारी किया था कि लोटस इंफ्रारिएल्टी लिमिटेड के डायरेक्टर नीरज चौरसिया की जंगम या स्थावर संपत्ति या दोनों को कुर्क कर 29 लाख 18 हजार 7 सौ रुपए की वसूली सुनिश्चित करें.

### ▸ 6 माह के अंदर वसूली के निर्देश

सतना कलेक्टर द्वारा बिल्डर के विरुद्ध वसूली संबंधित कोई कार्यवाही नहीं की गई. जिससे व्यथित होकर आवेदक ने अपने अधिवक्ता के माध्यम उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष याचिका संख्या डब्ल्यूपी/2946/2026 संस्थित की. जिसकी सुनवाई करते हुए 9 फरवरी 2026 को उच्च न्यायालय ने सतना कलेक्टर को 6 माह के अंदर वसूली कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश दिया है.

# 9 मार्च तक अतिक्रमण हटाएं, नहीं तो चलेगी जेसीबी : महापौर

## चांदनी चौक से बाजना बस स्टैंड तक बनेगी 4 लेन सड़क

**▸ लक्कड़पीठा रोड निरीक्षण के दौरान दी चेतावनी**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर में प्रस्तावित लक्कड़पीठा रोड के चौड़ीकरण को लेकर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। महापौर प्रहलाद पटेल ने शुक्रवार को चांदनी चौक से बाजना बस स्टैंड तक बनने वाली लक्कड़पीठा रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के रहवासियों व भवन मालिकों से 9 मार्च तक स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि तय समय सीमा तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर निगम द्वारा 9 मार्च से जेसीबी, पोकलेन और निगम गैंग की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि चांदनी चौक से बाजना बस स्टैंड तक का मार्ग शहर का प्रमुख मार्ग है और यहां शीघ्र ही चार लेन सड़क का निर्माण किया जाना है। सड़क निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सके और नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके, इसके लिए सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने ऐसे सभी भवन स्वामियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं आगे आकर अपना अतिक्रमण हटा लें, ताकि निगम को सख्त कार्रवाई नहीं करनी पड़े। महापौर ने कहा कि शहर के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे 9 मार्च से पहले स्वयं अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नगर निगम को जेसीबी, पोकलेन और निगम अमले के साथ कार्रवाई करनी पड़ेगी।



### पुलिया के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए

महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को लक्कड़पीठा पुलिया के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा होना चाहिए, जिससे क्षेत्र के लोगों को जल्द राहत मिल सके और आवागमन सुचारु हो सके। उन्होंने बताया कि शहर के मास्टर प्लान के अनुसार इस सड़क की चौड़ाई 18 मीटर रखी जाएगी। प्रस्तावित सड़क में बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा और दोनों ओर पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और पैदल यात्रियों को भी सुरक्षित मार्ग मिलेगा।

**आयोजन** | **पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि पर युकां ने की विचार गोष्ठी**

# छात्र राजनीति से शुरू हुआ दाऊ साहब का सफर

**सीधी, 06 मार्च.** राष्ट्रनायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कुंवर अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला युवा कांग्रेस सीधी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन में संगोष्ठी छात्र राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक - कुंवर अर्जुन सिंह विषय पर आयोजित की गई. कार्यक्रम पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया के मुख्य आतिथ्य तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह और युवा कांग्रेस अध्यक्ष करुण सिंह सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ.

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल तथा वरिष्ठ साहित्यकार राजकरण शुक्ला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. संगोष्ठी के शुभारंभ में दाऊ साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया. वक्ताओं ने दाऊ साहब के छात्र जीवन से लेकर राष्ट्रीय राजनीति तक के संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायी सफर पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष करुण सिंह द्वारा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार राजकरण शुक्ला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह तथा संभागीय प्रवक्ता प्रभारी शिल्पी अग्रवाल का शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया. वरिष्ठ साहित्यकार राजकरण शुक्ला ने अपने वक्तव्य में कहा कि दाऊ साहब दूरदर्शी राजनेता थे. उनके नेतृत्व में प्रदेश में गरीबों को आवासीय पट्टे वितरित किए गए, शिक्षा और सामाजिक न्याय को नई दिशा मिली तथा शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया. उन्होंने कहा कि अर्जुन सिंह का व्यक्तित्व राजनीतिक ही नहीं बल्कि सामाजिक चेतना से भी परिपूर्ण था. युवा कांग्रेस अध्यक्ष करुण सिंह ने कहा कि आज के युवाओं के लिए दाऊ साहब का जीवन प्रेरणा का स्रोत है. छात्र राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक का उनका सफर यह संदेश देता है कि यदि उद्देश्य जनसेवा का हो तो संघर्ष का हर मार्ग सफलता की ओर ले जाता है.



मुख्य वक्ता जयराम शुक्ला ने कहा कि दाऊ साहब का राजनीतिक जीवन छात्र राजनीति से प्रारंभ हुआ. वे रीवा के ठाकुर रणमत सिंह कॉलेज में छात्रसंघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए और वहीं से उन्होंने जनसेवा की राजनीति का मार्ग चुना. उन्होंने कहा कि स्व. अर्जुन सिंह ने राजनीति को सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के अधिकारों से जोड़ा और जीवन भर वंचितों, गरीबों तथा आदिवासियों की आवाज़ को बुलंद किया.